an>

Title: Need to construct a Government hospital at Martinganj in Lalganj Parliamentary constituency of Uttar Pradesh and deploy MBBS degree holding doctors at all health sub-centres in Lalganj Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्रीमती नीलम सोनकर (लालगंज) : अध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मैं लालगंज, उत्तर प्रदेश से आती हूं। हमारी समस्या यह है कि इलाज के लिए हमारे यहां से लोगों को बनारस जाना पड़ता है। दूरी की वजह से लोग रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। हमारे यहां छोटे अस्पताल होने की वजह से इलाज की पूर्ण सुविधा नहीं मिल पाती है और लोगों को शहर में जाना पड़ता है तथा इसके लिए उन्हें काफी पैसे खर्च करने पड़ते हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के मार्टिनगंज में सदर अस्पताल खोला जाए और 100 बैड की वहां सुविधा दी जाए तथा आधुनिक उपकरण हों, जिससे आम जनता को सुविधा मिल सके।

माननीय अध्यक्ष : आप राज्य के मुख्यमंत्री जी को भी पत्र लिख दीजिएगा।

ज्योतिरादित्य जी, मैं आपको बीच में बोलने का मौका दे रही हूं।